हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 मई 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



13 बदहाल हुआ नेहरू स्टेडियम, खिलाड़ियों...





## खबर संक्षेप

### पश्चिम एशियाई संकट के बीच कलेक्टर ने खाद-बीज भंडारण की समीक्षा की



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने वर्तमान में चल रहे पश्चिम एशियाई संकट के मद्देनजर जिले में खाद, बीज की उपलब्धता एवं भण्डारण, वितरण की समीक्षा हेतु कृषि, सहकारिता एवं अन्य संबद्ध विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले में खाद, बीज के भण्डारण एवं वितरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मिश्रा ने वर्तमान में खाड़ी देशों में चल रहे तनाव की परिस्थिति के कारण उत्पन्न वैश्विक हालातों को देखते हुए जिले के किसानों को समानुपातिक मात्र में एवं समसामयिक उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित कराने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में कृषि विभाग के उप संचालक ने जिले में धान बीज की भण्डारण की जानकारी देते हुए बताया कि बालोद जिले में शासन से कुल 23 हजार 400 क्विंटल धान बीज की मांग की गई थी। जिसमें से अब तक कुल 09 हजार 505 क्विंटल धान का भण्डारण हो चुका है और जिले में बीज वितरण का कार्य प्रगति पर है।

### एक ही परिवार की दो पीढ़ियों को मिला योजनाओं का लाभ



**बालोद।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण इलाकों में लोगों को सीधे और बेहद आसान तरीके से मिल रहा है। इसका एक उदाहरण जिले के डौण्डीलोहारा विकासखड के ग्राम संजारी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में देखने को मिला है, जहाँ एक ही परिवार की दो पीढ़ियों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिला है। शिविर में पहुंची ग्राम अतरगांव की रहने वाली सुनीति देवांगन पिछले कई सालों से शासन की योजनाओं का लाभ ले रही हैं। साल 2016 में उनका श्रम कार्ड बना था, जिसके जरिए उन्हें अपनी बेटी की शिक्षा के लिए दूसरी कक्षा से लेकर 12वीं तक नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिला। बेटी के 18 वर्ष पूरे होने पर उन्हें नोनी सशक्तिकरण योजना का भी फायदा मिला। जब सुनीति देवांगन की बहू का श्रमिक कार्ड नहीं बना था, तो वे उसे लेकर सीधे सुशासन तिहार के तहत आयोजित ग्राम संजारी के शिविर में पहुंची। शिविर में उनकी बहु श्वेता ने बताया कि आज वे सुशासन शिविर में अपनी सास के साथ पहुंची है। यहाँ उसने श्रमिक कार्ड के लिए आवेदन किया और तुरंत ही ▶▶शेष पेज 12 पर

# गुरुर के पलारी नगर पंचायत में भाजपा-कांग्रेस में सीधी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

नगर पंचायत पलारी में सोमवार को नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मंगलवार को नामांकन पत्रें की जांच की गई जिसके बाद गुरूवार को नाम वापस लेने वाले उम्मीदवारो की सूची जारी की गई है। नाम वापसी के बाद छोड़कर पार्षद के चुनाव में भाजपा व कांग्रेस को आम आदमी पार्टी मे टक्कर टक्कर देखने को मिलेगी। हालांकि अध्यक्ष पद के लिए आम आदमी पार्टी के कृष्ण कुमार बंजारे ने अपना नाम वापस ले लिया है। अब अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के लखन लाल गुरूपंच व कांग्रेस के यानेश साहू के बीच सीधी टक्कर है। वही पार्षद उम्मीदवार के रूप में वार्ड क्रमांक 01 से भारतीय जनता पार्टी से तेजराम साहू व कांग्रेस से दो उम्मीदवार प्रकाश साहू, शत्रुघन साहू उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 02 से भारतीय जनता पार्टी से गजेन्द्र साहू व कांग्रेस से बीरबर राम साहू उम्मीदवार है, वार्ड क्रमांक 03 में भारतीय जनता पार्टी की ओर से नेहा साहू व कांग्रेस से जागृति साहू उम्मीदवार है।

वार्ड क्रमांक 04 से आम आदमी पार्टी की ओर से प्रशांत कुमार साहू व भारतीय जनता पार्टी से खिलेन्द्र कुमार साहू व कांग्रेस से तीरथ राम साहू उम्मीदवार है, वार्ड क्रमांक 05 से भारतीय जनता पार्टी से महेश साहू व कांग्रेस से राजेश कुमार यादव प्रत्याशी होंगे।

### आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ने लिया नाम वापस

#### वार्डों में भी सीधा मुकाबला

वार्ड क्रमांक 06 से भारतीय जनता पार्टी से राधिका निशाद व कांग्रेस से तुले"वरी निशाद उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 07 से आम आदमी पार्टी से उत्तम साहू, भारतीय जनता पार्टी से संजय कुमार साहू व कांग्रेस से दो उम्मीदवार पुर्नेश्वर साहू व उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 08 से भारतीय जनता पार्टी से चित्ररेखा साहू व कांग्रेस से श्यामा बाई साहू उम्मीदवार है, वार्ड क्रमांक 09 से भारतीय जनता पार्टी से पोशण लाल साहू व कांग्रेस से प्रेमनारायण साहू उम्मीदवार है, वार्ड क्रमांक 10 से भारतीय जनता पार्टी से शैलेश साहू कांग्रेस से परमानंद सेन उम्मीदवार है।



#### कुछ वार्डों में आप भी मैदान में

वार्ड क्रमांक 11 से भारतीय जनता पार्टी से खिलेश्वरी साहू व कांग्रेस से आसकुमारी साहू उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 12 से आम आदमी पार्टी से दीना साहू, भारतीय जनता पार्टी से झम्मन पटेल व कांग्रेस से प्रवीन कुमार सोनबेर, उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 13 से आम आदमी पार्टी से परमिला साहू, भारतीय जनता पार्टी से योगेश्वरी देवी व कांग्रेस से दो उम्मीदवार प्रेमा पटेल उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 14 से आम आदमी पार्टी से वेदप्रकाश ठाकुर, भाजपा से घनश्याम सिंह ठाकुर, कांग्रेस से भुनेश्वर ठाकुर उम्मीदवार है। वार्ड क्रमांक 15 से भारतीय जनता पार्टी से दो उम्मीदवार संतोश कुमार कुर्रे व कांग्रेस से दो उम्मीदवार सुमेर सिंह मारकण्डे, व निर्दलीय खिलेश कुमार गहेल उम्मीदवार है।

### खाली बर्तन लेकर पानी टंकी के पास बैठे ग्रामीण, प्रशासन के खिलाफ जताया आक्रोश

# पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/निकुम

विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत देवरी द में गुरुवार को महिलाओ व पुरुष बड़ी संख्या में देवरी द पानी टंकी के पास पेयजल समस्या को लेकर खाली बर्तन व परिवार के लेकर धरने पर बैठे। ग्रामीणों का प्रशासन के खिलाफ जमकर गुस्सा फूटा, बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों को ग्रामीण जनों की सुध लेने की फुर्सत नहीं मिली।



भाजपा सरकार सुशासन तिहार मना रही है, ग्रामीणों ने सुशासन तिहार में आवेदन दिया, लेकिन इस गांव में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के कदम नहीं पड़ने से बरसो से पानी को लेकर समस्या जस की तस बनी हुई हैं तकरीबन तीन हजार की आबादी वाले गांव में करीब सात हैंडपंप में सिर्फ तीन चल रहे हैं, बाकी ने गमएँ में दम तोड़ दिया, ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है। वही जल प्रदाय योजना ख़ुरसूनी पेयजल से आता है, घरों में नल जल योजना में से पानी भी पर्याप्त नहीं मिलता है, क्योंकि सिर्फ सुबह टाइम एक घंटे नल चलाता है, वही कई लोगों ने घरों में टुल्लू पंप लगा रखा है जिसके कारण कई घरों में नल से सिर्फ हवा निकलती हैं पानी नहीं आता।

ग्रामीणो का कहना है कि गांव में लगे हैंडपंप पानी छोड़ चुके हैं। सुबह से ही महिलाओं को पानी लेने के लिए रोज परेशानी होती है। ग्रामीण महिला सहित ग्रामीण महिलाओं की मांग है, नल से पानी देने के समय बिजली बंद हो ताकि टुल्लू पंप से पानी चोरी रोकी जा सके। ग्राम के पंच बीसे लाल ठाकुर ने भी कहा कि लाइट बंद करने से ही पानी की सफलाई होगी। ग्राम सरपंच देवरी द दीपिका ठाकुर ने कहा ▶▶शेष पेज 12 पर

### तांदुला जलाशय से छोड़ा गया पानी, ग्रामीणों को मिली राहत



**बालोद।** भीषण गर्मी और पेयजल की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों की मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तांदुला जलाशय से नदी और स्थानीय नहरों में पानी छोड़ना शुरू कर दिया है। इससे ग्राम गुरेदा एवं आसपास के कई ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। विगत 18 मई को ग्राम गुरेदा में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में ग्राम गुरेदा सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे थे। ग्रामीणों ने भीषण गर्मी के कारण हो रही पानी की किल्लत का हवाला देते हुए तांदुला नदी में पानी छोड़ने के लिए आवेदन सौंपा था। ग्रामीणों की समस्या के त्वरित निराकरण हेतु दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मौके पर ही जल संसाधन विभाग के अधिकारी को तांदुला जलाशय से पानी छोड़ने के ▶▶शेष पेज 12 पर

### ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

## दमकसा-पेटेचुआ मार्ग बना बारहमासी डामरीकृत सड़क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

लोक निर्माण विभाग कांकेर के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि कांकेर और बालोद जिले को जोड़ने वाले दमकसा–पेटेचुआ मार्ग का कायाकल्प हो गया है। उन्होंने बताया कि अनुबंध राशि 374.25 लाख की लागत से 6.80 किलोमीटर लंबे इस कच्चे रास्ते को अब एक शानदार बारह मासी डामरीकृत सड़क में बदल दिया गया है। आवागमन को सुगम बनाने के लिए मार्ग में 05 नए पुलियों का निर्माण भी किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस नई सड़क के बनने से कांकेर जिले के दमकसा, कसावाही, भरएँटोला, कुर्रूटोला और बालोद जिले के पेटेचुआ, बड़भूम, मंगलतराई गांवों की बड़ी आबादी लाभान्वित हो रही है। इस सड़क के कारण अब ग्रामीणों के समय और दूरी दोनों की बड़ी बचत हो रही है।

## बालोद जिले में सर्वे के दौरान मिली प्राचीन पांडुलिपियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

संस्कृति मंत्रलय भारत सरकार के निर्देशानुसार ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत बालोद जिले में सर्वे के दौरान जिले के अलग–अलग स्थानों में निरंतर पाण्डुलिपियां प्राप्त हो रही है।

सर्वे के दौरान आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड़ निवासी बोधेश्वर यादव एवं मधुकांत यादव के पास प्राचीन पांडुलिपियां मिली है। डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने बताया कि इन दोनों व्यक्तियों के पास प्राप्त पांडुलिपियां ज्ञान भारतम मिशन के लिए अत्यंत सहयोगी साबित होगी। सर्वे के दौरान ग्राम पंचायत लाटाबोड़ के पंच, सरपंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत भारत सरकार के एंथ्रोपोलॉजी सर्वे ऑफ



■ लाटाबोड़ गांव में ग्रामीणों के पास मिली दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियां

इंडिया द्वारा नियुक्त सीनियर रिसर्च फेलो लिपिका नाग द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक लेकर जिले में चल रहे सर्वे कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी सुनील चंद्रवंशी तथा डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी प्राची ठाकुर सहित सर्वे कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार के तहत जन समस्या निवारण शिविर आज

**डौंडीलोहारा।** शासन की महत्वाकांक्षी पहल "सुशासन तिहार 2026" के अंतर्गत नगर पंचायत डौंडीलोहारा में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में नगरवासियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों का त्वरित समाधान किया जाएगा। शिविर का आयोजन 22 मई 2026, शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से नगर पंचायत कार्यालय के सामने किया जाएगा। कार्यक्रम में आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखने की अपील की गई है। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करना है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जिससे आम जनता को त्वरित सुविधा मिल सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत डौंडीलोहारा ने नगरवासियों से शिविर में सहभागिता कर शासन की इस पहल को सफल बनाने का आग्रह किया है।




### 691.55 लाख रुपये की स्वीकृति, गंदे पानी की समस्या से मिलेगी राहत

# शहर में बनेगा 2 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ निर्माण और संचालन के लिए जारी हुई निविदा

नगर पालिका क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त बनाने और स्वच्छता के मोर्चे पर एक नया इतिहास रचने की दिशा में विष्णुदेव साय सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शहर के गंदे पानी और सीवेज प्रबंधन की बरसों पुरानी समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए बहुप्रतीक्षित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट 2.00 एमएलडी के लिए 691.55 लाख की स्वीकृति दी है। विभाग द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण और आगामी संचालन के लिए आधिकारिक तौर पर निविदा आमंत्रित कर दी गई है। टेंडर जारी होते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है।



नगर पालिका के पार्षद एवं जलकार्य विभाग के पूर्व सभापति दीपक लोढा ने बताया वर्तमान में शहर के विभिन्न वार्डों, रिहायशी इलाकों और मुख्य नालों से निकलने वाला दूषित पानी बिना किसी ट्रीटमेंट के सीधे स्थानीय जल स्त्रोतों और नीचले इलाकों में जमा हो रहा है। इससे न केवल भूजल प्रदूषित हो रहा है, बल्कि आसपास के क्षेत्रें में संक्रामक बीमारियों और संक्रामक मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा था।

पार्षद के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन एसबीएम 2.0 के कड़े मानकों के तहत इस सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। प्लांट स्थापित होने के बाद शहर के गंदे पानी को आधुनिक मैकेनिकल और बायोलॉजिकल तकनीक से पूरी तरह फिल्टर उपचारित किया जाएगा। शोधित पानी का उपयोग नगर पालिका द्वारा पार्कों में सिंचाई, सड़कों की सफाई, फायर ब्रिगेड और निर्माण कार्यों में किया जाएगा, जिससे पेयजल की बर्बादी रुकेगी।

पार्षद दीपक का कहना है कि यह प्लांट न केवल शहर की स्वच्छता रैंकिंग को सुधारेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण भी तैयार करेगा। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य की समय–सीमा और गुणवत्ता पर कड़ाई से निगरानी रखी जाए।

## खबर संक्षेप



### गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर देवार पारा मछली मार्केट, खुर्सीपार निवासी सन्नी यादव उर्फ देवार को पकड़ा गया। उसके पास से 10 किलो 710 ग्राम गांजा, नगदी 1,480 रुपये, बाइक जब्त किया गया। आईटीआई के पास सन्नी गांजा बेच रहा था। उसे घेराबंदी कर रोका गया। पूछताछ करने पर बेचना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### ग्रीन कॉरिडोर बनाकर मरीज को पहुंचाया हॉस्पिटल, बची जान

**भिलाई।** दुर्ग यातायात पुलिस ने सुपेला से जुनवानी तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर गंभीर मरीज को मात्र 7 मिनट में अस्पताल पहुंचाया। बीएम शाह हॉस्पिटल सुपेला में भर्ती 38 वर्षीय सलीम अली को बेहतर इलाज के लिए शंकराचार्य हॉस्पिटल, जुनवानी रेफर किया गया था। सूचना मिलते ही यातायात पुलिस टीम ने मार्ग पर वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की और एम्बुलेंस को बिना बाधा सुरक्षित तरीके से आगे निकाला। पुलिस के अनुसार ग्रीन कॉरिडोर का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में उपचार तक पहुंचने का समय घटाना और जीवन रक्षण सुनिश्चित करना है। दुर्ग पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि एम्बुलेंस व अन्य आपातकालीन वाहनों को तुरंत रास्ता दें और साइड देकर प्राथमिकता सुनिश्चित करें।

### मकान का ताला तोड़कर सामान पार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर इलेक्ट्रानिक्स सामान पार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि पंचशील नगर ईस्ट एकता कालोनी चरोदा निवासी चुनेश्वर प्रसाद साहू टाटा मोटर्स में वैरेंटी मैनेजर के पद पर टाटीबंध रायपुर में पदस्थ है। खाना खाकर काम पर निकल गया था। पत्नी मकान में ताला जड़कर बच्चो के साथ मायके जेवरा सिरसा गई थी। 19 मई की सुबह परिवार समेत घर पहुंचा। चोरी हुए सामानों की कीमत 41 हजार 500 रूपये आंकी गई है।

### कुम्हली में धान का शार्टेज समिति प्रबंधक सहित अन्य पर एफआईआर

**भिलाई।** कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति एवं धान उपार्जन केन्द्र कुम्हली के समिति प्रबंधक संबंधित समिति प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी एवं अन्य दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इस केंद्र में धान में कमी पाई गई थी। खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की आकस्मिक जांच के दौरान यह मामला सामने आया था। जांच में भौतिक सत्यापन में कुल 690.70 क्विटल धान तथा कुल 3057 नग बारदाना कम प्राप्त हुआ। जिसे धान उपार्जन केन्द्र कुम्हली के अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा गंभीर अनियमितता पाई। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग एवं विपणन संघ के मध्य निष्पादित त्रिपक्षीय अनुबंध की कण्डिका 12 (8) के अनुसार समिति स्तर पर दोषी पाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।

### बारिश के बाद भी पारा दो दिन से 41 के आसपास

**भिलाई।** चिलचिलाती धूप के बीच अंधड़ और बारिश के कारण चिपचिपी गर्मी और उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया है। बुधवार को पूरे दिन तेज धूप खिली रही। दिन का तापमान 40.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा। वहीं शाम होते-होते बादल छाए, तेज हवा चली, लेकिन बारिश नहीं हुई। इसकी वजह से उमस भरी गर्मी बरकरार रही। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी 5 दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। मानसून का इंतजार है। इधर 25 मई से 2 जून तक नवतपा है।

---

**आयोजन**

**विधायक निषाद ने अवैध शराब, सट्टा और जुए पर कार्रवाई की उठाई मांग**

# राहुद के जनसमस्या निवारण शिविर में 1838 आवेदन मिले, 1428 का मौके पर निराकरण

- राहुद जनसमस्या निवारण शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़
- दिव्यांग प्रमाण पत्र से लेकर सुपोषण किट तक, शिविर में मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज. बालोद/गुण्डरदेही

ग्राम राहुद में गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमे विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1838 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 1428 आवेदनों को मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया।

शिविर में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, वीरेन्द्र साहू, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, जनपद अध्यक्ष पुरूषोत्तम चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष नीतेश मोंटी यादव, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य गुलशन साहू, ठाकुर राम चंद्राकर, वन सभापति अश्वनी कुमार कटहरे, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, सरपंच राहुद कुलेश्वरी साहू, चेतन साहू, द्रोपती साहू, नेपाल साहू, दिनेश साहू एवं अन्य अतिथियों के द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को कृषि विभाग अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत जाल एवं आईस बॉक्स का वितरण किया गया। शिविर मे समाज कल्याण विभाग अंतर्गत श्रवण यंत्र एवं छड़ी, स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्र का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र एवं केसीसी कार्ड का वितरण किया। इसके अलावा शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था। इस दौरान मेडिकल बोर्ड में शामिल विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने पहुँचे दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाया गया।





शिविर में अतिथियों के द्वारा बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई के रस्म को पूरा किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक कुंवर सिंह निषाद ने प्रशासन को क्षेत्र में संचालित अवैध शराब, सट्टा और जुआ गतिविधियों के बारे में भी अवगत कराया तथा इन पर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता बताई। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आगामी फसल सीजन के लिए खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। वर्तमान में चल रहे खाद वितरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और किसानों को सही एवं समय पर जानकारी उपलब्ध कराने को कहा।

उन्होंने बजट में शामिल कोसा से सिरएँ मार्ग के निर्माण कार्यो को शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने कहा। लनिषाद ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों को सुशासन तिहार के दौरान आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। जिससे कि सुशासन तिहार का आयोजन सार्थक हो सके। इस मौके पर कुंवर सिंह निषाद ने शिविर में उपस्थित लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देते हुए इसके रोकथाम के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि केंन्द्र व राज्य सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। सुशासन तिहार के दौरान शासन-प्रशासन के लोग आम जनता के बीच पहुँचकर इनके वास्तविक समस्याओं का पड़ताल कर रहे हैं। राहुद में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम भाठागांव आर, रनचिरई, जरवाय, जोरातराई, मुंदेरा, खलारी, खुटेरी, भटगांव, डोंगीतराई, किलेपार, परसाही, रूदा, तवेरा, राहुद, सक्रौद, भेंडरा, सिरी और तिलोदा ग्राम पंचायतों के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## संजारी में सुशासन तिहार शिविर में 282 आवेदन मिले, 75 मामलों का मौके पर निराकरण



**बालोद।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम संजारी में आज जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। .शिविर में आज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 282 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 75 आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। संजारी में आयोजित शिविर में डौण्डीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, सहित शिविर में उपस्थित अन्य अतिथियों के द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को कृषि विभाग अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत जाल का वितरण किया गया।

शिविर मे समाज कल्याण विभाग अंतर्गत श्रवण यंत्र एवं छड़ी, स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्र का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र एवं केसीसी कार्ड का वितरण किया। शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था। शिविर में आज ग्रामीण महिलाओं द्वारा नीर चेतना अभियान के अंतर्गत पानी के महत्व के संबंध में आम जनता को जानकारी प्रदान करने हेतु नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी।



शिविर मे विधायक अनिला भेड़िया ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को अधिकारी-कर्मचारियों का ध्यान अंचल के प्रमुख मांगों की ओर आकृष्ट भी कराया। भेड़िया ने शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों को सुशासन तिहार के दौरान आम जनता से प्राप्त आवेदनों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार आम जनता के विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। इसके अलावा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

जनपद उपाध्यक्ष देवलाल मालेकर ने आशा व्यक्त किया कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित हो सकेगा। इस मौके पर विभिन्न विभागों के द्वारा अपने-अपने जनकल्याणकारी योजनाओं के जानकारी दी गई। संजारी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में राघोनवागांव, गहिरा नवागांव, मार्री, देवरी, सुरसुली, पसौद, परसुली, खेरथाबाजार, भरनाभाट, रानाखुज्जी, अछोली, आतरगांव, संजारी, गंजईडीह, सोरली, कोटेरा, अण्डी, आसरा, रीवागहन और धनगांव ग्राम पंचायतों के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# जनसमस्या निवारण शिविर लगा, लेकिन राहुद की जल समस्या जस की तस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से आस पास के 18 पंचायतो की समस्या को दूर करने की जिम्मेदारी लेने वाली ग्राम पंचायत राहूद अपनी समस्या का समाधान नही कर सकी। जबकि जिनसे समस्या का समाधान हो सकता था। वे पीएचई व पीडब्लूडी विभाग के अधिकारी वहां मौजूद थे।

3000 की आबादी वाला ग्राम राहुद जल संकट से जुझ रहा है। जबकि सरकार ने 2021 में ग्राम की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए 114.14 लाख रूपये स्वीकृत किए है। इसके बाद भी आधी से ज्यादा आबादी हैण्डपंपो या निजी ट्यूबवेल के भरोसे है।

राहुद में जल जीवन मिशन के तहत बनी निर्माण कार्य से ही त्रुटिपूर्ण होने की जानकारी ग्रामीण व पंचायत दे रही है, टंकी में बनने के साथ ही सीपेज है, यह टंकी को देखने से ही लगता है। ग्रामीणो ने कहा कि टंकी को पूरा भरकर पानी आपूर्ति करते तो शायद सभी को पानी मिलता, लेकिन चूंकी टंकी आरंभ से ही सीपेज है इसलिए उसे पूरी क्षमता से नही भरा जाता होगा क्योकि इससे उसके टूटने का डर हैं। ग्राम के लगभग घरो में नल कनेक्शन है लेकिन उसमें टोटी नही लगाने की बात पंचायत स्वीकार करती है। जहां टंकी बना है उस स्थान को ्खकर लगता है कि वहां वर्शो से सफाई नही की गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसी टंकी के ठीक सामने सुशासन तिहार मनाया गया। टंकी के पास स्थित नलकूप के चारो ओर कचरा व गंदगी का ढेर था। टंकी स्थल का निरीक्षण करने पर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जैसे टंकी के नीचे स्थल को पक्की फ्लोरिंग नही की गई है यही कारण है कि टंकी के चारो ओर खरपतवार व पौधे अब पेड़ का रूप ले चुके है। टंकी के पास बनने वाला क्लोरिनेटर की उपयोगिता भी संदिग्ध है, कोई नही बता सका कि क्लोरिनेटर लगा है कि नही। ग्रामीणो ने कहा क्लोरिनेटर नही लगा है। वस्तु स्थिति जांच में ही स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणो ने बताया कि एक साल पूर्व लोक निर्माण विभाग ने सड़क का निर्माण किया है। सड़क निर्माण के दौरान कई स्थलो में पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गई है जिसे अब तक नही बनाया गया है।








सरपंच राहुद कुलेश्वरी साहू ने कहा घरो में नल कनेक्शन दिया गया है लेकिन किसी भी घर में टोटी नही लगाया गया है। टंकी में सीपेज प्रारंभ से ही है। टंकी से मात्र भाटापारा में ही आपूर्ति होती है। आधी से अधिक आबादी में पानी पंचायत द्वारा ट्यूबवेल से सीधे कर रही है। लोक निर्माण विभाग ने एक साल पूर्व सड़क बनाई थी, उस दौरान पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हुआ था, जिसे लोक निर्माण विभाग न सुधारा नही, और ना ही उसकी राशि पंचायत को दी। जिससे पानी आपूर्ति प्रभावित हो रही है, टंकी अभी पंचायत द्वारा हैण्डओर नही लिया गया हैं। एसडीओ पीएचई विशाल नेताम ने कहा टंकी चालू है, उससे पानी आपूर्ति की जा रही है। बाकी स्थिति जांच के बाद ही बता सकता हुं।

# धर्मनिष्ठ सुश्रावक गेंदमल लोढ़ा नही रहे, नगर में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर के जैन श्रीसंघ के वरिष्ठ धर्मनिष्ठ सुश्रावक एवं समाजसेवी श्री गेंदमल लोढ़ा का गुरुवार को 86 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया। उनके निधन से नगर सहित पूरे लोढ़ा परिवार और जैन समाज में शोक की लहर व्याप्त है। वे पूज्य महासती सुसारिका श्रीजी म.सा. के सांसारिक पिता तथा साध्वी सुनवनिधि श्रीजी म.सा. के सांसारिक नानाजी थे। स्व. लोढ़ा नगर के वरिष्ठजनों में गिने जाते थे। वे कोमलचंद लोढ़ा के भ्राता तथा सुरेश कुमार, अनिल कुमार, दिनेश कुमार के पिताजी व संदीप कुमार एवं प्रतीक कुमार के बड़े पिता थे। वहीं अमित, हर्षित, शिखर एवं सम्यक के दादा तथा पर्व के परदादा थे। उनका पूरा जीवन धर्म, परमार्थ और समाजसेवा को समर्पित रहा। नगर एवं क्षेत्र की बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उन्होंने पूर्व में शासकीय विद्यालय में भवन निर्माण कराया था। गर्मी के दिनों में प्रतिवर्ष प्याऊ घर संचालित कर राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराया जाता था। जीव दया एवं सेवा कार्यों में भी उनका परिवार सदैव अग्रणी रहा।

वे दिनभर साधु वेश में रहकर तप, प्रत्याख्यान और धर्म साधना में समय व्यतीत करते थे। नगर में आने वाले जैन साधु-संतों के सानिध्य का वे सदैव लाभ लेते रहे। उन्होंने अपनी पुत्री को भी जिनशासन को समर्पित किया। वर्तमान में उनकी पुत्री महासती सुसारिका श्रीजी म.सा. तथा दोहती साध्वी सुनवनिधि श्रीजी म.सा. जिनशासन की प्रभावना में सक्रिय हैं और वर्तमान में छत्तीसगढ़ में विचरणरत हैं।

**सहकारी संस्थाओं के आयुक्त महादेव कावरे ने बैठक लेकर दी नए उपबंधों की जानकारी**

# सहकारी संस्था के जरिए बिल्डिंग बनाने वालों को देनी होगी सुविधाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सहकारी संस्थाओं के आयुक्त महादेव कावरे ने शासन द्वारा जारी नए उपबंधों से जुड़ी जानकारी के लिए बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने नई गाइडलाइन से अवगत कराया। आवासीय सहकारी संस्थाओं एवं कॉलोनियों के बेहतर रख-रखाव, पारदर्शी संचालन तथा सदस्यों को मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुक्त सहकारिता महादेव कावरे ने आवासीय सहकारी समितियों के लिए नई आदर्श उपविधियां जारी भी की। प्रदेश में संचालित अनेक आवासीय सहकारी संस्थाओं एवं कॉलोनियों में मेंटेनेंस राशि की नियमित प्राप्ति नहीं होने के कारण रख-रखाव संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। कई मामलों में बिल्डरों द्वारा भी अपनी अविक्रयित इकाइयों की मेंटेनेंस राशि जमा नहीं किए जाने से सहकारी संस्थाओं एवं बिल्डरों के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी। इन समस्याओं के निराकरण तथा संस्थाओं के प्रभावी संचालन के लिए नई उपविधियां लागू की गई हैं।



### सभी सदस्यों के लिए मेंटेनेंस राशि का भुगतान अनिवार्य

नई गाइडलाइन के मुताबिक बिल्डर द्वारा सहकारी संस्था गठन के समय कॉलोनी एवं प्रकोष्ठ भवनों में उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में वचन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सभी सदस्यों के लिए मेंटेनेंस राशि का भुगतान अनिवार्य किया गया है, ताकि कॉलोनी के रख-रखाव एवं मूलभूत सुविधाओं का संचालन सुचारू रूप से हो सके। बिल्डर अपनी इकाइयों के विक्रय से पूर्व संस्था के समस्त देय शुल्कों का भुगतान करने के पश्चात ही अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। सहकारी संस्थाओं के कार्य संचालन से संबंधित शिकायतों की सुनवाई एवं निराकरण हेतु बोर्ड को आवश्यक अधिकार प्रदान किए गए हैं।

## पेज 11 का शेष

### पेयजल संकट को ...

कि सभी ग्रामीण गमएँ में पेयजल समस्या का हल कराने की मांग की है, सभी मिलकर सहयोग करे अधिकारियों को समस्या से अवगत करा दी, लेकिन जल संकट जस की तस बनी हुई हैं। जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने कहा कि पीएचई विभाग गांव में बोर खनन करवाए तो राहत मिलेगी।

### तांदुला जलाशय से छोड़ा ...

निर्देश दिए, ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में निस्तार और पानी उपलब्ध हो सके। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पीयुष देवांगन ने बताया कि निर्देश के परिपालन में तत्परता दिखाते हुए, 20 मई 2026 को तांदुला जलाशय से पानी छोड़ना प्रारंभ कर दिया गया है। इससे तांदुला नदी में स्केप के माध्यम से तथा गुण्डरदेही वितरक शाखा नहर के जरिए भी पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई है।

### एक ही परिवार की दो पीढ़ियों ...

उनका श्रमिक कार्ड बनकर तैयार हो गया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के शिविर में आने से हमारा काम बहुत जल्दी हो गया, यह देखकर बहुत अच्छा लगा। सुशासन तिहार के शिविरों के माध्यम से बिना किसी देरी के, मौके पर ही सरकारी दस्तावेज और कार्ड बन जाने से ग्रामीणों में भारी उत्साह है।

## खबर संक्षेप

### 24 को सतमरा में तहसील स्तरीय कलार महोत्सव

**गुण्डरदेही।** छत्तीसगढ कलार सिन्हा समाज तहसील गुण्डरदेही के तत्वाधान मे 24 मई को तहसील स्तरीय कलार महोत्सव का आयोजन बाजार चौक ग्राम सतमरा मे किया जा रहा है, जिसमे नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण का पदभार, तहसील कार्यकारणी की घोषणा व शपथ ग्रहण, सामाजिक वरिष्ठ जनो का सम्मान, शैक्षणिक प्रतिभा सम्मान, तहसील अंतर्गत ग्रामीण अध्यक्षो का सम्मान होना है। कार्यक्रम मे अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष व विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विधायक बालोद संगीता सिन्हा, विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व सामाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहेगे।

### डौण्डीलोहारा में आज लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगर पंचायत डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकास खण्ड के ढोरऍठेमा में 22 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में सभी 15 वार्डों के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार बंजारा को नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता भानुप्रकाश भोस को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ढोरऍठेमा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम कुंजकन्हार, भरऍटोला, ढोरऍठेमा, पेण्डरी, पचेड़ा, पटेली, कुंआगोंदी, बोरगांव, उकारी, कांडे, टेकाढोडा, सिंगनवाही, कारूटोला और धोबनी ब के ग्रामीण शामिल होंगे।

### प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की मॉडल उत्तर जारी

**बालोद।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय में सत्र 2026–27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की गई थी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रयास आवासीय में सत्र 2026–27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाईट पर जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आवेदक 30 मई तक अपने गृह जिले के संबंधित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति के संबंध में दस्तावेज जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बिना प्रमाण के दावा आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जाएगा। इसके साथ ही डाक द्वारा दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की दी गई जानकारी, स्वच्छ नगर बनाने का लिया संकल्प

# गुण्डरदेही में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही में गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के संबंध में एक महत्वपूर्ण जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता नियमों, कचरा प्रबंधन एवं नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर, पार्षद शैल महोबिया, सलीम खान, रोमलाल यादव, पोषण निषाद, सेवक महिपाल सहित नगर पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से एसडब्लूएम रूल्स 2026, वार्ड स्वच्छता समिति गठन, डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण, गीला एवं सूखा कचरा पृथक्करण, एमआरएफ सेंटर, आरआरआर सेंटर, कम्पोस्ट एवं सीबीजी प्लांट, डिजिटल पोर्टल, शिकायत निवारण प्रणाली, सफाई मित्र सुरक्षा, नागरिक सहभागिता एवं स्वच्छ सर्वेक्षण के विभिन्न बिंदुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक वार्ड में विसिबल क्लीनलीनेस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा नागरिकों की सहभागिता से स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा।

साथ ही श्रमदान, स्वच्छता जागरूकता रैली, सोशल मीडिया प्रचार–प्रसार, सामुदायिक कार्यक्रम एवं नागरिक फीडबैक को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

#### सहयोग से गुण्डरदेही को स्वच्छ सुंदर और आदर्श नगर बनाएंगे

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि हम सभी के सहयोग से गुण्डरदेही को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श नगर बनाएंगे। स्वच्छता केवल नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। घर–घर कचरा पृथक्करण, नियमित सफाई एवं जनभागीदारी से ही हमारा नगर स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर स्थान प्राप्त करेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग स्वच्छता नियमों का पालन करें, खुले में कचरा न फेंके तथा नगर पंचायत द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर ने भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संचालित किया जाए तथा प्रत्येक वार्ड में नियमित मॉनिटरिंग की जाए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने गुण्डरदेही को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर नगर बनाने का संकल्प लिया।



## सुशासन तिहार राहुद में नुक्कड़ नाटक से दिया जल संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम राहुद में जनसमस्या निवारण शिविर में नीर चेतना अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। ग्राम पंचायत राहुद में ''नीर चेतना अभियान'' के तहत ग्रामीणों से जल संरक्षण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक एवं जल संचयन शपथ का आयोजन किया गया। शिविर में जागृति स्व–सहायता समूह के नेमिन साहू, पदमा साहू, धनेश्वरी साहू, लिलेश्वरी, रोहिणी साहू एवं सोमिन साहू द्वारा जल संचय और जल संरक्षण के महत्व को समझाने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक के माध्यम से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता और व्यवहारिक समझ विकसित की गई।

## डौंडी ब्लॉक के 22 स्कूलों के लिए 177.62 लाख रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

- डीएमएफ मद से होंगे अतिरिक्त कक्ष, शौचालय और किचन शेड



शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा योगेंद्र कुमार सिन्हा की पहल पर जिला खनिज न्यास निधि से डौंडी ब्लॉक के स्कूलों के लिए 177.62 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत जर्जर भवनों की मरम्मत, अतिरिक्त कक्ष, किचन शेड व शौचालय निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। स्वीकृति पत्र की प्रति मंडल अध्यक्ष को सौंप दी गई है।

योगेंद्र सिन्हा ने बताया कि क्षेत्र के स्कूलों का दौरा कर उन्होंने खुद प्रधान पाठकों से आवश्यकताओं की सूची तैयार की थी। स्कूलों में बेटियों के लिए शौचालय नहीं थे, कई जगह बच्चे टूटे कमरों में पढ़ने को मजबूर थे। हमने पूरी सूची बनाकर भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के माध्यम से कलेक्टर से चर्चा की। डीएमएफ की राशि से शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का प्रस्ताव रखा था, सिन्हा ने कहा की उन्होंने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चतुर्वेदी को भी शालाओं की समस्याओं से अवगत कराया था। सूची के अनुरूप अब डौंडी ब्लॉक के 22 स्कूलों में निर्माण कार्य होंगे, मुख्य कार्य जिनके लिए राशि स्वीकृत हुई। स्वीकृत कार्यों में शास. कन्या आश्रम पू.मा.शा. कुसुमकसा अति. कक्ष निर्माण हेतु 8.07 लाख रु.शास.पू.मा.शाला धुरवा टोला अति. कक्ष निर्माण हेतु 8.07 लाख रु.,शास. कन्या आश्रम प्रा.शाला घोठिया अति. कक्ष निर्माण हेतु 8.07 लाख रु.शास.प्राथ. शाला कं.02 सिंगनवाही अति. कक्ष निर्माण हेतु 8.07 लाख रु. शास.प्राथ. शाला काड़े अति. कक्ष व शौचालय निर्माण हेतु 9.88 लाख रु.शास.पू.मा.शाला मरदेल अति. कक्ष निर्माण हेतु 8.07 लाख रू. शास. प्राथ.शा. मडियाकट्टा पटेली अति. कक्ष निर्माण हेतु 8.07 लाख रु. शास. प्राथ. शाला पेण्ड्री अति. कक्ष निर्माण हेतु 8.07 लाख रु. शास. प्राथ. शाला गिधाली अति. कक्ष निर्माण हेतु 8.07 लाख रु. शास.प्राथ.शा. जबकसा मरदेल अति. कक्ष निर्माण हेतु 8.07 लाख रु. शास. कन्या आश्रम पू.मा.शा. डौंडी अति. कक्ष व किचनशेड निर्माण हेतु 21.57 लाख रु. शास.पू.मा.शा. सिंगनवाही अति. कक्ष निर्माण हेतु 8.07 लाख रु. शास. प्राथ. शाला कोकान टेकाढोड़ा अति. कक्ष निर्माण हेतु 8.07 लाख रु. शास.प्रा.शा. कं.01 खलारी नवीन शौचालय व किचनशेड निर्माण हेतु 8.78 लाख रु. शास. पूर्व मा. शाला बिटाल शौचालय निर्माण हेतु 1.81 लाख रु. शास.प्रा.शा.कं. 03 खलारी शौचालय निर्माण हेतु 1.81 लाख रु. शास.पूर्व मा. शाला पचेड़ा शौचालय निर्माण हेतु 1.81 लाख रु. शास.पू.मा.शा. कटरेल बम्हनी शौचालय निर्माण हेतु 1.81 लाख रु.शास.पू.मा.शाला ढोर्रेठिमा शौचालय निर्माण हेतु 1.81 लाख रु. योगेंद्र सिन्हा ने कहा कि डीएमएफ की राशि का सही उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में हो, यह उनकी प्राथमिकता है। "बेटियों को स्कूल में शौचालय न होने से परेशानी होती थी। अब अलग शौचालय बनने से उनकी उपस्थिति भी बढ़ेगी। कमरे बनने से बैठने की समस्या खत्म होगी। स्थानीय शिक्षकों और पालकों ने इस स्वीकृति पर खुशी जताई है। उनका कहना है कि बरसों से लंबित मांग पूरी होने से स्कूलों का माहौल बदलेगा। यह पहल दिखाती है कि जमीनी निरीक्षण और ठोस प्रस्ताव से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे बच्चों तक पहुंचाया जा सकता है।

## तेज गर्मी और लू से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सीएमएचओ ने लोगों से सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा तेज गर्मी के कारण लू की संभावना को देखते हुए लू के लक्षण के साथ लू से बचने के उपायो के बार में जानकारी साझा कर आम लोगो को इसके प्रति जागरूक करने की बात कही है।

जिले में ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि होने के कारण लू हिट स्ट्रोक की संभावना अधिक होती है, आम जनता में लू से बचाव व उसके प्रबंधन संबंधी जन–जागरूकता, प्रचार–प्रसार हेतु जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ विभाग द्वारा जारी एडवाईजरी मे कहा गया है कि लू के लक्षण के तहत सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना है।

लू से बचाव के उपाय के तहत लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गमएँ में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यता नमक की कमी हो जाना होता है, इसलिए इससे बचाव के लिए कई बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिसमे बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जावें, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पीए, अधिक समय तक धूप में न रहे, गमएँ के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीये, चक्कर आने, मिताली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें, प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जावें, उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह लिया जावें। लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार के तहत बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगावें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें, जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा देवें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहे।

## ठगी : भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों की राशि दूसरे खाते में ट्रांसफर

**भिलाई।** दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की राशि में धोखाधड़ी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा ने जनपद पंचायत पाटन ने पुलिस में शिकायत की थी। जिसमें दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मिलने वाली शासकीय प्रोत्साहन राशि अन्य बैंक खातों में हस्तांतरित हुआ है। पुलिस ने दस्तावेजों का परीक्षण पर थाना धमधा के 44 हितग्राहियों की राशि 4.50 लाख रुपये, पाटन से 63 हितग्राहियों का 12.60 लाख अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर होना पाया गया। जांच में बैंक दस्तावेज, तकनीकी साक्ष्य, ऑनलाइन पोर्टल का जानकारी का विश्लेषण किया। जिसमें पाया गया कि आरोपियों द्वारा योजना से जुड़े खातों में सुधार के लिए लॉगिन आईडी, पासवर्ड का दुरुपयोग कर हितग्राहियों के वास्तविक बैंक खातों के स्थान पर अपने नियंत्रण वाले बैंक खातों का विवरण दर्ज किया गया था।

### दल्लीराजहरा में केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

## पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों तथा ईंधन संकट के खिलाफ दल्लीराजहरा में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने जोरदार विरोध प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की। ब्लाक अध्यक्ष रत्तीराम कोसमा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ, ईंधन की किल्लत और बेलगाम महंगाई को लेकर केन्द्र सरकार को आड़े हाथों लिया।


प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश आज पेट्रोल और डीज़ल संकट से जूझ रहा है। लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। परिवहन से लेकर खेती-किसानी, व्यापार और दैनिक जरूरतों तक हर क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं, लेकिन केन्द्र सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार मूल्य वृद्धि कर लोगों को आर्थिक संकट में धकेल रही है। ब्लाक अध्यक्ष रत्तीराम कोसमा ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय तनाव के दौर में केन्द्र सरकार को समय रहते देश के हित में ठोस कदम उठाने चाहिए थे, लेकिन सरकार राजनीतिक गतिविधियों में उलझी रही। इसका खामियाजा आज देश की करोड़ों जनता भुगत रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कमजोर विदेश नीति और गलत आर्थिक निर्णयों के कारण देश में ईंधन संकट गहराता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में सस्ता कच्चा तेल उपलब्ध था, तब भी जनता को राहत नहीं दी गई। पेट्रोल और डीज़ल पर लगातार कर बढ़ाकर आम लोगों से भारी वसूली की गई, जबकि बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का काम किया गया। आज हालात यह हैं कि पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कमी से लोग परेशान हो रहे हैं और महंगाई लगातार बेकाबू होती जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पेट्रोल, डीज़ल और गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। व्यापार, उद्योग और रोजमर्रा का जीवन संकट में आ गया है, लेकिन सरकार जनता की पीड़ा सुनने को तैयार नहीं है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने केन्द्र सरकार से तत्काल पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ी हुई कीमतें वापस लेने, ईंधन संकट दूर करने तथा आम जनता को राहत देने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के अंत में केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और जनता के हित में ठोस निर्णय लेने की मांग उठाई गई।

## बदहाल हुआ नेहरू स्टेडियम, खिलाड़ियों की सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा








कभी राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की पहचान रहा पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम आज बदहाली, लापरवाही और खतरे का प्रतीक बनता जा रहा है। नगर पालिका वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद वीरेंद्र कुमार साहू ने बीएसपी प्रबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि जिस तरह वर्षों तक खदानों के नाम पर दल्लीराजहरा के पहाड़ों को खत्म किया गया, अब उसी मानसिकता के साथ शहर के एकमात्र बड़े खेल मैदान को भी बर्बाद करने की तैयारी चल रही है। इन दिनों बीएसपी प्रशासन द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सैकड़ों बच्चे फुटबॉल, एथलेटिक्स और अन्य खेलों का प्रशिक्षण ले रहे हैं। लेकिन मैदान की मौजूदा स्थिति देखकर अभिभावकों और खिलाड़ियों में भारी आक्रोश है। स्टेडियम परिसर और फुटबॉल ग्राउंड के चारों ओर गहरे गड्ढे खोदकर खुले छोड़ दिए गए हैं। कहीं बैरिकेडिंग नहीं है, कहीं चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। मैदान में जगह-जगह मिट्टी और मलबा फैला हुआ है, जिससे हादसे का खतरा हर समय बना हुआ है।

वीरेंद्र साहू ने कहा कि यदि अभ्यास के दौरान कोई बच्चा इन गड्ढों में गिर गया या किसी बड़ी दुर्घटना का शिकार हुआ, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी बीएसपी प्रबंधन की होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि खदानों से करोड़ों रुपये कमाने वाला प्रबंधन दल्लीराजहरा के बच्चों को सुरक्षित खेल मैदान तक उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। शहर की सड़कें तक डीएमएफ फंड से बन रही हैं, जबकि बीएसपी अपनी जिम्मेदारियों से लगातार पीछे हटती जा रही है।

मैदान में आवारा कुत्तों का आतंक भी खिलाड़ियों और बच्चों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार कुत्ते दौड़ते बच्चों के पीछे भागते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। समर कैंप में शामिल बच्चों के अभिभावकों में डर और नाराजगी दोनों बढ़ते जा रहे हैं। मीना नेताम ने कहा खेल मैदान किसी शहर की पहचान होते हैं। इन्हें गड्ढों और अव्यवस्था में बदलना आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय है।

कमलेश यादव ने कहा यह मैदान सिर्फ जमीन का टुकड़ा नहीं, दल्लीराजहरा के खिलाड़ियों का सपना है। इसे बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा। पार्षद वीरेंद्र साहू ने तत्काल पांच मांगें रखते हुए कहा कि 24 घंटे के भीतर सभी गड्ढों को भरकर मैदान समतल किया जाए, पूरे परिसर में बैरिकेडिंग लगाई जाए, आवारा कुत्तों को हटाने अभियान चलाया जाए, जिला प्रशासन से सुरक्षा ऑडिट कराया जाए और बीएसपी प्रबंधन खिलाड़ियों की सुरक्षा की लिखित जिम्मेदारी ले।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों के भीतर हालात नहीं सुधरे तो खिलाड़ियों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों के साथ स्टेडियम गेट पर उग्र आंदोलन और तालाबंदी की जाएगी। अंत में वीरेंद्र साहू ने कहा दल्लीराजहरा के बच्चों का भविष्य किसी कंपनी की लापरवाही की भेंट नहीं चढ़ने देंगे। खिलाड़ी देश का भविष्य हैं और इस भविष्य की रक्षा के लिए हर लड़ाई लड़ी जाएगी।शिव वर्मा ने कहा दल्लीराजहरा पहले ही खनन और प्रदूषण का दर्द झेल चुका है। अब बच्चों के खेल मैदानों को भी खतरे में डालना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। राजेश मिश्रा ने कहा यदि मैदान में कोई हादसा होता है तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। सुरक्षा इंतजाम पूरी तरह नदारद हैं।

#### बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

पार्षद वीरेंद्र साहू ने कहा बीएसपी ने दल्लीराजहरा से सिर्फ लिया है, लौटाया कुछ नहीं। पहले पहाड़ उजाड़े गए, अब खेल मैदान उजाड़े जा रहे हैं। बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

- वीरेंद्र साहू, पार्षद

#### मरम्मत और विकास कार्य चल रहा

आर.बी. गहरवार ने कहा कि स्टेडियम परिसर में मरम्मत और विकास कार्य चल रहे हैं। सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है और खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की शिकायतों और सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

आर.बी. गहरवार, बीएसपी प्रबंधन

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय गुरुर में प्राचार्य दिलीप कुमार साहू ने पदभार किया ग्रहण

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर में प्राचार्य दिलीप कुमार साहू ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण, छात्र–केंद्रित शिक्षण व्यवस्था एवं समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### तीन दिनी लीला नाटक कार्यक्रम का आयोजन 27 से

**अण्डा।** ग्राम डौकीडीह में 27 से 29 मई 2026 तक भव्य तीन दिवसीय लीला नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नवां अंजोर नाट्य संस्था बोरीगारका (उतई) एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल दशहरा मैदान, गौठान पारा (पानी टंकी के पास) रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम प्रतिदिन रात्रि 8:30 बजे से प्रारंभ होगा। तीनों दिनों में अलग-अलग धार्मिक एवं ऐतिहासिक नाटकों का मंचन किया जाएगा, जिसे लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार प्रथम दिवस 27 मई, बुधवार को "धनुष यज्ञ लीला" का मंचन होगा। द्वितीय दिवस 28 मई, गुरुवार को "सूपनखा लीला से बाली वध" प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं तृतीय दिवस 29 मई, शुक्रवार को "वीर अभिमन्यु नाटक" का मंचन किया जाएगा। इसी दिन चढ़ौती कार्यक्रम भी रखा गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु ग्रामवासियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लेने की अपील की है। यह जानकारी भीषम साहू ने दी।

### जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत जिले में जागरूकता अभियान जारी

**बालोद।** जिले में जनजातीय गरिमा उत्सव 'जनभागीदारी अभियान' के अंतर्गत आई.ई.सी. कैम्पेन के तहत जमीनी संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सबसे दूर सबसे पहले' थीम पर आधारित इस विशेष अभियान के जरिए जिले के विभिन्न क्षेत्रें में जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के तहत डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में 15 ग्रामों, डौण्डी विकासखण्ड में 12 ग्रामों, बालोद विकासखण्ड में 4 ग्रामों, गुरूर एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के 01 ग्राम में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शिविर के माध्यम से उनकी समस्याओं एवं मांगों को पंजीकृत कर संबंधित विभाग के माध्यम से निराकृत किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत डौण्डीलोहारा में ग्राम सेम्हरडीह, कोचेरा, भीमकन्हार, बुन्देली तथा डौण्डी में ग्राम धोबनी अ, अड़ेझर, खैरकट्टा, पुनारकसा में ट्रांजेक्ट वॉक तथा सायकिल रैली में जनजागरूकता अभियान के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदाय की गई। साथ ही वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण को संरक्षित रखने का संदेश भी दिया गया। लोगो को अपनी समस्याओं को लेकर जिला के विभिन्न विभागों का चक्कर न लगाने पड़े इसलिए राज्य शासन के निर्देशानुसार शिविर के माध्यम से सभी विभाग एक जगह पर उपस्थित होकर जन समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## पुण्यतिथि : ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाया आतंकवाद विरोध दिवस

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय कांग्रेस कार्यालय मे पुर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के 35 वी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया एवं आतंकवाद दिवस के रूप के रूप मनाया गया।

इस अवसर विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि 21 मई का दिन हमारे देश के इतिहास के लिए काला दिन था, आज के दिन ही एक कायराना आतंकी हमले ने अपने देश के महान सपूत खो दिया था, उनके बलिदान को याद करते हुए पूरा देश आज के दिन आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाता है। राजीव जी 21 सदी के शिल्पकार थे, कम उम्र में प्रधानमंत्री बने, तब उनके मन में भारत को दुनिया की महाशक्ति देश बनाने का स्पष्ट दृष्टिकोण था, वे भारत को तकनीकी और वैज्ञानिक युग में सबसे आगे ले जाने वाले प्रधानमंत्री थे। आज देश डिजिटल युग में जी रहा है वो स्व राजीव गांधी जी की देन है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू ने कहा राजीव के कुशल नेतृत्व मे देश ने प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वो आर्थिक हो, सामाजिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक, टेक्नोलॉजी या विदेश नीति में नई उपलब्धि पाई है। राजीव जी पंचायती राज के जन नायक थे, जिन्होंने पंचायत को नई ताकत दी। वे पंचायती राज के माध्यम से प्रजातंत्र के नींव को मजबूत करना चाहते थे। उन्होंने देश के कोने कोने तक कंप्यूटर और टेलीकॉम की पहुंच बनाई थी, वे मानते थे कि बिना युवाओं की भागीदारी के देश का विकास संभव नहीं है।



**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर प्रमुख रूप पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री शादिक अली, सुमीत राजपूत, टोमन साहू, दुर्गुराम सिन्हा, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मोनू ठाकुर, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पाल सिंह भूआर्य, सरपंच खोमन सिन्हा, मनोज साहू, रूप साहू, भूषण आँधिया, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश देवान, हिमांशु लावत्रे सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**गुण्डरदेही।** ब्लाक कांग्रेस द्वारा विधायक कार्यालय गुण्डरदेही में पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी का 35 वीं पुण्यतिथि अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर आतंकवाद विरोधी शपथ लिया गया। तत्पश्चात कांग्रेस द्वारा केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के कारण देश एवं प्रदेश में सोना–चांदी, राशन सामग्री, गैस सिलेंडर–पेट्रोल–डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि के साथ आपूर्ति में भारी किल्लत के खिलाफ में एवं वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर धारित रकबा अनुसार रासायनिक खाद के मात्र में भारी कटौती के खिलाफ में सेवा सहकारी समिति गुण्डरदेही में विरोध–प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेसजनो ने कहा महंगाई के कारण आमजनता, गृहणी, मध्यम वर्ग, किसान, व्यापारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। जिससे जनता में आक्रोश व्याप्त है। प्रधानमंत्री मोदी के कारण देश मे पेट्रोल डीजल को लेकर अफरा तफरी का माहौल बना है, लोग पेट्रोल डीजल के संकट के भय से ग्रसित होकर पेट्रोल पंपों में लाइन लगा रहे हैं। सरकार के पास पर्याप्त स्टॉक है तो सप्लाई को सुचारू क्यों नहीं कर पा रही। प्रधानमंत्री मोदी से देश संभल नहीं रहा तो कम उपयोग करने की अपील कर रहे है। देश ने पहले भी अनेकों ऐसे संकट देखे हैं लेकिन तत्कालीन सरकारों ने सूझबूझ से इसका सामना किया था। वर्तमान में रुपया ऐतिहासिक तौर पर सबसे निचले स्तर पर है, 1 डॉलर की कीमत 95 रुपये 68 पैसे के पार हो गया है, मोदी सरकार के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था के बर्बादी और आर्थिक सुनामी का अमृतकाल चल रहा है, जनता त्रस्त है, भाजपाई मस्त हैं। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस महामंत्री भोजराज साहू, अध्यक्ष कांग्रेस कचरु साहू, पार्षद सलीम खान, अपवि विभाग जिलाध्यक्ष केके राजू चंद्राकर, संजय साहू, डॉ नारायण साहू, जिला प्रवक्ता मोंटू चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष सलीम खान, जनपद सदस्य रीना देशमुख, अश्वनी सोनकर, संतोष निषाद, ब्लॉक महामंत्री पवन सिन्हा, कुलेश्वर तिवारी, ज्योति यादव, लिखन निषाद, गिरधारी निषाद, ओमप्रकाश यादव, यमुना बांधे, परस ठाकुर, रिजवान तिगाला, रवि तिवारी, सुनील चंद्राकर, ममता चंद्राकर, लालू सोनकर, डोमन देशमुख, गोपीराम साहू, शिवकुमार साहू, निजानंद चंद्राकर, सरोज साहू, दौलत कोसरे, किशन पांड़े, प्रभू राम पवार, पुनाराम देशमुख, मनोज सेन, ढालसिंह साहू सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।



# चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने डीआरएम से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ ट्रेन की बोगियां बढ़ाने पर जताया आभार, रेल सुविधाओं से क्षेत्रीय विकास को मिलेगी गति

छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज दल्लीराजहरा इकाई के अध्यक्ष अमित कुकरेजा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक के दल्लीराजहरा आगमन पर अपने साथियों एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूर्व में रखी गई मांगों पर सकारात्मक पहल करते हुए ट्रेन की बोगियों की संख्या 8 से बढ़ाकर 12 किए जाने तथा दल्लीराजहरा रेलवे स्टेशन को सर्वसुविधायुक्त स्टेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ होने पर आभार व्यक्त किया।

बैठक के दौरान अमित कुकरेजा ने यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या और क्षेत्र की आवश्यकताओं को सामने रखते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संचालित अंतागढ़-रायपुर रेल सेवा में यात्रियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में इस ट्रेन में भी 12 डिब्बों की व्यवस्था की जानी चाहिए। साथ ही यात्रियों की सुविधा और लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखते हुए एक वातानुकूलित डिब्बा लगाए जाने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। इसके अलावा दल्लीराजहरा-दुर्ग डेमू रेल सेवा को सप्ताह में केवल तीन दिन संचालित किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे सप्ताह के सभी दिनों में नियमित रूप से चलाने की मांग की गई। व्यापारिक संगठनों का कहना है कि इस रेल सेवा से बड़ी संख्या में विद्यार्थी, कर्मचारी, व्यापारी एवं आम यात्री प्रतिदिन आवागमन करते हैं, इसलिए नियमित संचालन अत्यंत आवश्यक है। बैठक में दल्लीराजहरा मुख्य बाजार क्षेत्र में विस्थापित आवंटित एवं गैर-आवंटित व्यापारियों के नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल एवं नियमपूर्वक पूर्ण किए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। व्यापारिक प्रतिनिधियों ने कहा कि लंबे समय से लंबित इस विषय का शीघ्र समाधान व्यापारियों के हित में आवश्यक है। चैम्बर पदाधिकारियों ने कहा कि रेल सुविधाओं का विस्तार केवल यात्रियों की सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे दल्लीराजहरा की व्यापारिक गतिविधियों, शिक्षा, रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि रेलवे प्रशासन क्षेत्र की जनभावनाओं और आवश्यकताओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय करेगा।

इस अवसर पर इकाई महामंत्री भूपेंद्र डहरवाल, झूमर लाल छाजेड़, राजू सोनी, अशोक लोहिया, प्रेम जायसवाल तथा अनाज किराना संघ के सुरेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# खरीफ सीजन से पहले खाद-बीज और डीजल उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

डोंडी विकासखंड में खरीफ फसल की तैयारियों के बीच किसानों को खाद-बीज और डीजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने ग्राम भैसबोड़ में आयोजित सुशासन तिहार के जन समस्या निवारण शिविर में कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।

अनिल सुथार ने आवेदन में कहा कि खरीफ फसल की बोआई का समय नजदीक है और मानसून की शुरुआत होते ही किसान धान की बोआई प्रारंभ कर देते हैं। ऐसे में डोंडी विकासखंड की आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में किसानों की मांग के अनुरूप यूरिया, डीएपी, पोटाश, राखड़ सहित अन्य खाद एवं धान बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है, ताकि किसानों को समय पर कृषि सामग्री मिल सके।

### ट्रैक्टरों के लिए डीजल संकट से प्रभावित हो सकता है कृषि कार्य

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश किसान खेतों की जुताई और मताई का कार्य ट्रैक्टरों से ही कराते हैं, क्योंकि गांवों में अब बैल और नागर की संख्या काफी कम हो गई है। लेकिन पेट्रोल पंपों में डीजल की सीमित उपलब्धता के कारण ट्रैक्टर मालिकों को पर्याप्त डीजल नहीं मिल पा रहा है। सुथार ने कहा कि कई गांव पेट्रोल पंपों से 10 से 15 किलोमीटर दूर स्थित हैं। ऐसे में ट्रैक्टर लेकर डीजल भराने आने-जाने में 500 से 800 रुपए तक का डीजल अतिरिक्त खर्च हो जाता है। उन्होंने मांग की कि कृषि कार्य में लगे ट्रैक्टरों के लिए पेट्रोल पंपों में डिब्बे (केन) में डीजल देने की अनुमति दी जाए, ताकि किसान मोटरसाइकिल से डीजल ला सकें और अतिरिक्त खर्च से बच सकें।

### मानसून पूर्व खेत तैयारी पर पड़ सकता है असर

अनिल सुथार ने चेतावनी दी कि यदि समय पर डीजल उपलब्ध नहीं हुआ तो कृषि कार्य प्रभावित हो सकता है। कई किसान मानसून आने से पहले खेतों की जुताई का कार्य शुरू कर देते हैं, लेकिन डीजल की कमी के चलते यह कार्य पिछड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से कृषि कार्य को प्राथमिकता देते हुए पेट्रोल पंपों में ट्रैक्टरों के लिए पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराने और दूरस्थ गांवों के किसानों को डिब्बे में डीजल ले जाने की अनुमति देने की मांग की है।

# महुआ पेड़ के नीचे बैठ पूर्व विधायक सिन्हा ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने महुवा पेड़ के नीचे ग्रामीणों की समस्या सुनी। संजारी बालोद पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा अपने विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्राम करियाटोला में महुवा पेड़ के नीचे बैठ कर ग्रामीणों की समस्या सुनी।

ज्ञात हो की ग्रामीणों मांग पर विधायक के विशेष पहल से लोक निर्माण विभाग द्वारा बड़भूम मुख्य मार्ग से करीयाटोला पहुंच मार्ग के लिए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह मार्ग वर्तमान मे कच्चा व जर्जर स्थिति मे है। सड़क निर्माण के पुर्व विभागीय सर्वे के दौरान जमीन से जुड़ी समस्या आने पर ग्रामीणों की मांग पर पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ग्राम में पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या सुनी। पूर्व विधायक ने कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान कर सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे आप लोग को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री सुमीत राजपूत, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, ग्राम सरपंच धनराज शोरी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सिन्हा कलार समाज की मंडल स्तरीय हुई बैठक

## नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत एवं सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा से हुआ शुभारंभ

सामाजिक एकजुटता को सुदृढ़ करने और सामाजिक नेतृत्व को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से सिन्हा कलार समाज की मंडल स्तरीय बैठक ग्राम जमरूवा में संपन्न हुई। कार्यक्रम में अर्जुन्दा और गुंडरदेही मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत व सम्मान किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडलेश्वर दिनेश सिन्हा ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के आराध्य इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। जिलाध्यक्ष चमन सिन्हा ने युवाओं और नवनियुक्त पदाधिकारियों से समाज के विकास के लिए पूरी निष्ठा से जुटने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे मंडलेश्वर दिनेश सिन्हा ने मंडल के सामाजिक जनों से समाज की आंतरिक एकजुटता और भाईचारे को और मजबूत करने पर बल दिया।

बैठक के दौरान अर्जुंदा व गुण्डरदेही मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का विशेष रूप से सम्मान किया गया, जिनमें अर्जुन्दा मंडल से मंडलेश्वर जशवंत सिन्हा, सचिव जागृत सिन्हा, कोषाध्यक्ष रोमलाल सिन्हा, गुंडरदही मंडल से मंडलेश्वर गोविंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष रामनारायण सिन्हा, सचिव रामनायण सिन्हा को वरिष्ठ जनों द्वारा स्मृति चिन्ह सौंपा। कार्यक्रम में समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष बिसंबर सिन्हा, संरक्षक ओमप्रकाश गजेंद्र, जिला कोषाध्यक्ष हरदेव सिन्हा, नरेंद्र सिन्हा, दीनदयाल सिन्हा, दानेश्वर सिन्हा, घनश्याम सिन्हा और कुमार सिन्हा सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जमरूवा सहित बालोद ब्लॉक के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु और मातृशक्ति शामिल हुए।



# नाम वापसी के बाद चुनावी तस्वीर हुई साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर पालिका निर्वाचन के तहत नगर पंचायत पलारी के चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के लिए आम आदमी पार्टी के कृष्ण कुमार बंजारे व कांग्रेस के डमी पुर्णेश्वर अडिल के नाम वापसी। वार्ड क्रमांक 01 से तीन उम्मीदवारो में से एक उम्मीदवार शत्रुघन साहू ने अपना नाम वापस लिया है। वार्ड क्रमांक 02 से तीन उम्मीदवारो में से एक उम्मीदवार मनोज कुमार साहू ने अपना नाम वापस लिया है।

वार्ड क्रमांक 04 से चार उम्मीदवारो मे से एक उम्मीदवार चरण साहू ने अपना नाम वापस लिया है। वार्ड क्रमांक 05 से तीन उम्मीदवारो मे से एक उम्मीदवार योगेश साहू ने अपना नाम वापस लिया है। वार्ड क्रमांक 06 से तीन उम्मीदवारो मे से एक उम्मीदवार मीना साहू ने अपना नाम वापस लिया है। वार्ड क्रमांक 07 से चार उम्मीदवारो मे से एक उम्मीदवार कुलदीप कुमार साहू ने अपना नाम वापस लिया है। वार्ड क्रमांक 08 से तीन उम्मीदवारो मे से एक उम्मीदवार कुमारी बाई साहू ने अपना नाम वापस लिया है। वार्ड क्रमांक 09 से तीन उम्मीदवारो मे से एक उम्मीदवार राकेश कुमार साहू ने अपना नाम वापस लिया है। वार्ड क्रमांक 10 से तीन उम्मीदवारो में से एक उम्मीदवार देवेन्द्र साहू ने अपना नाम वापस लिया है। वार्ड क्रमांक 11 से तीन उम्मीदवारो में से एक उम्मीदवार अस्मिता साहू ने अपना नाम वापस लिया है। वार्ड क्रमांक 12 से चार उम्मीदवारो में से एक उम्मीदवार योगेश्वर साहू ने अपना नाम वापस लिया है। वार्ड क्रमांक 13 से चार उम्मीदवारो में से एक उम्मीदवार लोकेश्वरी साहू ने अपना नाम वापस लिया है। वार्ड क्रमांक 15 से पांच उम्मीदवारो में से दो उम्मीदवार सुरेन्द्र कुमार गहेल, भागचंद बघेल ने अपना नाम वापस लिया है।

## एक कॉल पर 15 मिनट में पहुंचेगी पुलिस, अपराध नियंत्रण और आपात सेवा में आएगी तेजी

# डौंडी थाना को मिली डायल 112 इमरजेंसी वाहन सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। डौंडी थाना को शासन की ओर से डायल 112 इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल उपलब्ध कराया गया है। अब क्षेत्र के ग्रामीण किसी भी आपात स्थिति में 112 नंबर डायल कर 24 घंटे पुलिस सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

**आपात स्थिति में तुरंत मिलेगी मददः** मारपीट, चोरी, सड़क दुर्घटना, महिला सुरक्षा या अन्य किसी भी आपात स्थिति में कॉल मिलने के बाद 15 से 20 मिनट के भीतर पुलिस मौके पर पहुंचेगी। यह वाहन दिन-रात डौंडी थाना में तैनात रहेगा। पुलिस विभाग के अनुसार वाहन संचालन के लिए ड्राइवर और पुलिस स्टाफ की तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगाई जाएगी, ताकि हर समय सेवा उपलब्ध रहे। डायल 112 वाहन को जीपीएस सिस्टम से लैस किया गया है। इसकी निगरानी सीधे कंट्रोल रूम से की जाएगी और वाहन की लोकेशन लगातार ट्रैक होती रहेगी। कॉल आने पर राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम रायपुर से नजदीकी 112 वाहन को तत्काल सूचना भेजी जाएगी।

**50 गांवों को मिलेगा सीधा फायदाः** डौंडी थाना अंतर्गत आने वाले लगभग 50 गांवों के लोगों को इस सुविधा का सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीण अब किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त कर सकेंगे।



### पुलिस की पहुंच और आसान होगीः थाना प्रभारी

डौंडी थाना प्रभारी उमा ठाकुर ने बताया कि डायल 112 वाहन मिलने से पुलिस की पहुंच आम जनता तक और आसान हो जाएगी। इससे अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बिना डर के 112 पर कॉल करें, उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। **डायल 112 के दुरुपयोग से बचने की अपीलः** थाना प्रभारी ने नागरिकों से डायल 112 सेवा का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि फर्जी कॉल या सेवा के दुरुपयोग की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

